आसमान गिरा 9

(कहानी)

एक दिन छोटा चूजा आम के पेड़ के नीचे लेटा हुआ था। तभी आसमान में कुछ बादल घिर आए। तेज हवा चलने लगी। बिजली कड़की और उसी के साथ चूजे के सिर पर कुछ गिरा चूजे ने चौंककर ऊपर देखा।

चूजा घबरा गया और तेजी से भागने लगा। भागते-भागते वह चिल्ला रहा था– "भागो, भागो। आसमान गिर रहा है।" चूहे ने चूजे को तेजी से भागते देखा। उसने पूछा– "क्या बात है? क्यों भाग रहे हो?" चूजा बोला– "भागो, भागो। आसमान गिर रहा है।"



चूहा यह सुनकर घबरा गया। वह भी "भागो, भागो" चिल्लाते हुए चूजे के पीछे भागने लगा। आगे जाने पर एक खरगोश मिला। खरगोश ने जब यह सुना, तो वह भी घबरा कर भागने लगा। अब आगे चूजा था, पीछे चूहा, फिर खरगोश।

तभी उधर से एक लोमड़ी गुजरी।

उन्हें भागते देख उसने पूछा– "क्या हुआ मित्रो? क्यों भाग रहे हो?"

खरगोश बोला– "भागो,भागो। आसमान गिर रहा है। जान बचाकर भागो।"

लोमड़ी यह सुनकर घबरा गई और वह भी तीनों के पीछे भागने लगी। अब चारों चिल्लाते हुए भाग रहे थे।

तभी एक हाथी ने देखा कि चूजा, चूहा, खरगोश तथा लोमड़ी चारों तेजी से भाग रहे हैं।

उन्हें भागते देखकर हाथी भी घबरा गया। वह भी चारों के पीछे-पीछे भागने लगा। भागते-भागते एक गुफा के सामने शेर मिला। उसने पूछा– "क्या हुआ? कहाँ भागे जा रहे हो?"

चूजा बोला, "महाराज! आसमान टूटकर गिर रहा है। मेरे ऊपर भी एक टुकड़ा आकर गिरा।" शेर ने हैरानी से कहा– "क्या कभी आसमान भी गिरता है?"

फिर उसने चारों की तरफ देखकर पूछा, "क्यों और किसी ने आसमान को गिरते हुए देखा है?" चूहा, खरगोश, लोमड़ी व हाथी ने ना में सिर हिलाया।

चूजा बोला– "पर मेरे सिर पर आसमान का एक टुकड़ा टूटकर गिरा था।"

शेर ने कहा– "अच्छा, हमें वहाँ ले चलो। मैं वह टुकड़ा देखना चाहता हूँ।"

चूजे के साथ सब आम के पेड़ के नीचे पहुँचे। वहाँ केवल एक आम ही पड़ा था।



उसे देखकर शेर जोर से हँसा और बोला– "वह आसमान नहीं था। वह यही आम था।"

फिर शेर ने उन्हें डाँटते हुए कहा, "तुम लोगों ने भी बिना देखे मान लिया कि आसमान गिर रहा है।" अब पाँचों पशु मुँह लटकाए खड़े थे।

शब्द-अर्थ

चूजा — मुर्गी का बच्चा *(chicken)*, बिजली कड़कना — आवाज के साथ बिजली चमकाना *(lightning)*, गुफा — शेर के रहने का स्थान *(cave)*, मुँह लटकाना — शर्म के कारण चेहरा नीचे करना *(face off)*।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए–

चूजा	खरगोश	मित्र	लोमड़ी	टुकड़ा	पशु
मुँह	चौंककर	डाँटते	पाँचों	लकड़ियाँ	

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–

(क) खरगोश के पीछे कौन भाग रहा था?

(ख) शेर को किस बात पर हैरानी हुई?

(ग) पेड़ के नीचे क्या गिरा था?

(घ) चूजा कहाँ लेटा हुआ था?

(ङ) हाथी ने क्या देखा था?

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–

(क) चूजा किस पेड़ के नीचे लेटा हुआ था?

☐ संतरा ☐ सेब ☐ आम

(ख) चूजे के ऊपर क्या गिरा था?

☐ पेड़ ☐ आम ☐ पतंग

(ग) चूजे की बात पर कौन हँसा था?

☐ शेर ☐ हाथी ☐ लोमड़ी

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) शेर ने चूजे से कहाँ ले चलने को कहा?

(ख) सारे पशु मुँह लटकाए क्यों खड़े थे?

भाषा-ज्ञान

1. समान तुक वाले शब्दों से अलग शब्द पर ◯ लगाइए—

(क)	शेर	भाग	कितना
(ख)	बेर	जाग	कहाँ
(ग)	सेब	दाग	जितना
(घ)	देर	दवात	इतना

2. उल्टे अर्थ वाले शब्द से मिलाइए—

छोटा	नीचे
आगे	बाहर
ऊपर	पास
अंदर	रोना
दूर	बड़ा
हँसना	पीछे

क्रियात्मक गतिविधि

- अगर शेर भी आसमान गिरने की बात मानकर भागना शुरू कर देता, तो क्या होता? अपने शब्दों मे लिखिए।
- इस पाठ का अपनी कक्षा मे अध्ययन कीजिए।
- इस पाठ में कितने जानवर हैं? सभी के नाम लिखिए।